53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:18, सूर्यास्त - 5:52 | वर्ष : 53/अंक : 282 रविवार, 12 अक्टूबर 2025 कार्तिक, कृष्ण पक्ष, षष्ठी सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

न्यूनतम 18.2°c अधिकतम 31.0 °c

**अमृतवाणी**
अकेले खड़े होने का साहस रखो, दुनिया ज्ञान देती है साथ नहीं।

यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में किसानों की भूमिका अहमः मोदी



देश में जो भी विकास दिखता है.... उसमें किसानों का पूरा हिस्सा है......

# 250 किलो मिलावटी मावे के साथ पकड़ा गया मियां जावेद

**रसूखदार मावा व्यापारी के यहां जाता मिलावटी मावा पकड़ा | मावा व्यापारी के पक्ष में आए दर्जनों नेता, मगर टीम ने की पूरी जांच**

**मुजफ्फरनगर, 11 अक्टूबर (बु.)।** खालापार थाना क्षेत्र के फक्करशाह चौक पर शनिवार की शाम स्विफ्ट गाड़ी के अंदर के जा रहा 250 किलो मिलावटी मावा पकड़ा गया। बताया जाता है कि खाद्य विभाग की टीम को इसकी सूचना पहले से ही मिल गयी थी और उक्त मावे को फक्करशाह चौक पर दरोगा लोकेश गौतम ने पकड़ा है। उक्त मावा मेरठ के दौराला से लाया जा रहा था और इसकी डिलीवरी नगर के एक रसूखदार मावा व्यापारी के यहां होनी थी। घंटों मशक्कत के बाद खाद्य विभाग की टीम ने पूरा मावा सील कर दिया। शर्मनाक बात यह है कि त्यौहारों पर भी लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ करने के लिए नकली मावा बाजारों में खूब उतर रहा है। समाचार लिखे जाने तक खाद्य विभाग की टीम ने रसूखदार मावा व्यापारी के नाम का खुलासा नहीं किया। व्यापारी के नाम का खुलासा इसलिए नहीं किया गया, क्योंकि व्यापार मण्डल ने मावा नष्ट करने का विरोध किया था। जैसे ही फक्करशाह चौक पर मावा पकड़े जाने की सूचना व्यापारियों को मिली तो व्यापारी नेता मौके पर पहुंचे और खाद्य विभाग की टीम के साथ उनकी गहमा-गहमी हुई। गहमा-गहमी का कारण यह रहा कि खाद्य विभाग की टीम को पूरा यकीन था कि उक्त मावा मिलावटी है, जबकि व्यापारियों का कहना था कि यदि यह मावा मिलावटी न निकला और खाद्य विभाग की टीम ने इसे नष्ट कर दिया तो इसका भुगतान कौन करेगा। इस पर खूब बहस होने के बाद यह तय किया गया कि मावे के सैम्पल हाथोंहाथ जांच के लिए जाएंगे और 48 घंटे के अंदर मावे के सैम्पलों का निष्कर्ष निकलकर आ जाएगा। इस 48 घंटे के बीच बाकी के मावे को डीप फ्रीजर में रखा जाएगा। यदि मावा शुद्ध निकला तो व्यापारी को इसे बेचने का अधिकार होगा। देर रात तक खाद्य विभाग की टीम व व्यापारी नेता उलझते दिखाई दिये। खाद्य विभाग की टीम में अर्चना धीरान के साथ विभाग के अन्य लोग भी शामिल रहे। वहीं संजय मित्तल ने भी उक्त मामले का पुरजोर विरोध किया।









## मिलावटी सामान के समर्थन में नहीं हैं व्यापारी : संजय मित्तल



**मुजफ्फरनगर।** मिलावटी मावे की सूचना मिलने के बाद व्यापारी नेता तुरन्त खालापार थाने पहुंचे और व्यापारी का मावा पकड़े जाने का जमकर विरोध किया। इस बीच जब सोशल मीडिया पर खबर चली तो लोगों ने कहा कि आखिर आमजन के जीवन के साथ क्यों खिलवाड़ किया जा रहा है? मिलावटी मावा मेरठ के दौराला से मियां जावेद भरकर लाए थे। इस बात को अंत तक नहीं बताया गया कि आखिर मावा कौन सी मावा फर्म पर जा रहा था। हालांकि अगले दो दिन में पूरी बात का खुलासा हो जाएगा। फिलहाल व्यापारी नेता संजय मित्तल का कहना है कि वे किसी भी प्रकार से मिलावटी सामान बेचने वालों के समर्थन में नहीं आएंगे। सिर्फ दूध का दूध, पानी का पानी हो जाने तक उनकी लड़ाई अधिकारियों से है। यदि मिलावटी मावा पाया जाता है तो जो भी सजा व्यापारी को देनी होगी वह विभाग का काम रहेगा, उसमें वह किसी प्रकार की बाधा नहीं बनेंगे बल्कि उस व्यापारी का विरोध करेंगे, जो व्यापारी इस मावे को मंगा रहा था।

# गैर समुदाय में प्रेम विवाह की मिली सजा

**मुजफ्फरनगर, 11 अक्टूबर (बु.)।** जनपद में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां मौका मिलते ही युवती के परिजनों ने युवक की लाठी-डंडों से बेरहमी से पिटाई कर दी। इस हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे बाद में घायल युवक को मेरठ रेफर करना पड़ा।

मिली जानकारी के अनुसार, जनपद के एक युवक ने हाल ही में गैर समुदाय की एक युवती से कोर्ट मैरिज की थी। यह विवाह, युवती के परिजनों को नागवार गुजरा और वे तब से ही

**युवती के परिजनों का झेलना पड़ा आक्रोश, घटना सीसीटीवी में हुई कैद**

युवक से बदला लेने की फिराक में थे। बताया जा रहा है कि युवक जैसे ही परिजनों के हत्थे चढ़ा, उन्होंने बिना कोई देरी किए उसे घेर लिया और लाठी-डंडों से उस पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में युवक को गंभीर चोटें आई और वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। स्थानीय लोगों की मदद से उसे तत्काल नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। हालांकि, उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे उच्च चिकित्सा के लिए मेरठ के लिए रेफर कर दिया। दरसअल तितावी थाना क्षेत्र स्थित नगला पिथौरा गांव निवासी 25 वर्ष के युवक सूरज ठाकुर ने तकरीबन डेढ़ वर्ष पूर्व पास ही के गांव जसोई निवासी डॉक्टर नसीम की युवती अर्शी से कोर्ट मैरिज की थी, जिससे दोनों को एक बेटी भी है। बताया जा रहा है कि जिससे नाराज युवती के परिजन तभी से अपनी बेइज्जती का बदला लेने की फिराफ में थे। शनिवार को युवती के परिजनों ने सूरज पर लाठी डंडों से उस समय हमला बोल दिया, जब वह जसोई गांव में एक किराए की दुकान देखने के लिए आया था।



इस दौरान आरोपियों द्वारा सूरज की जमकर पिटाई की गई। लहूलुहान हालत में सूरज को तड़पता छोड़ आरोपी मौके से फरार हो गए। वही घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सूरज को घायल अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टर ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे मेरठ के लिए रेफर कर दिया। उक्त घटना पास ही की एक दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जोकि सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। आलाधिकारियों की मानें तो मामला दो समुदाय से जुड़ा हुआ होने के कारण इस मामले में तुरंत आरोपियों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। जिसकी जानकारी देते हुए एसएसपी मुजफ्फरनगर संजय कुमार वर्मा ने बताया कि तितावी थाना क्षेत्र में दो समुदायों के बीच के लड़कों में मारपीट हुई है। लड़के को काफी चोट लगी हुई है, जिसके बाद उसको चिकित्सा के लिए मेडिकल के लिए मेरठ में रेफर कर दिया गया है, जिसका इलाज चल रहा है। प्रकरण में प्रेम विवाह का मामला सामने आया है। प्रथम दृष्टया कठोर धाराओं में अभियोग धारा-109 बीएनएस में दर्ज कर लिया गया है तथा इसमें दो टीमें लगी हुई हैं। जिसमें एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है बाकी और

## पुलिस ने किया एक आरोपी को गिरफ्तार, बाकी फरार

**मुजफ्फरनगर।** वायरल वीडियो और घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने पीड़ित युवक की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है और वीडियो फुटेज के आधार पर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस बाकी आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार करने का दावा कर रही है। एसएसपी ने आश्वासन दिया है कि कानून को हाथ में लेने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## दो समुदाय से जुड़ा मामला, यशवीर महाराज ने दी महापंचायत की चेतावनी

**मुजफ्फरनगर।** मामला दो समुदाय से जुड़ा होने के कारण योग साधना आश्रम के महंत स्वामी यशवीर महाराज ने भी इस मामले में पुलिस को चेतावनी देते हुए कहा कि इस मामले में पुलिस जल्द ही आरोपी की गिरफ्तारी करे, वरना वह सनातनी लोगों के साथ आरोपियों के घर के बाहर महापंचायत करेंगे।

# इकरा हसन का घर घेरने की चेतावनी पर कैराना बना छावनी

**सीएम योगी के डेटिंग पेंटिंग बयान पर हिन्दू सेवा संघ व हिंदू रक्षा दल ने दी थी चेतावनी**

**इकरा हसन के आवास पर पुलिस प्रशासन का पहरा, नहीं निकले दिया किसी को**

**कैराना, 11 अक्टूबर (बु.)।** हिन्दू सुरक्षा सेवा संघ व हिन्दू रक्षा दल कार्यकर्ताओं द्वारा कैराना में सांसद इकरा हसन के आवास पर धरना तथा विरोध प्रदर्शन की चेतावनी के बाद कैराना में जगह-जगह बैरिकेटिंग लगाकर भारी पुलिस बल तैनात किया गया। सांसद के आवास के बाहर भी पुलिस बल तैनात रहा। योगी आदित्यनाथ के हालिया डेंटिंग-पेंटिंग वाले बयान पर सांसद इकरा हसन ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि करके दिखाओ जैसे दूसरे देशों में जनता ने सरकारों को उखाड़ फेंका है, वैसे ही भारत के लोग भी तैयार बैठे हैं।





## सांसद के आवास के बाहर भी पुलिस फोर्स रहा तैनात

**कैराना।** पुराना बाईपास स्थित सपा सांसद इकरा हसन के आवास के बाहर भी सुबह से ही महिला पुलिसकर्मियों के साथ ही पुलिस व पीएसी के जवान तैनात रहें। इस दौरान सांसद के आवास पर आने जाने वाले लोगों की सघन चैकिंग भी की गई, ताकि कोई असामाजिक तत्व आवास के अंदर दाखिल न हो सकें। सूत्रों के अनुसार, सांसद इकरा हसन और उनके भाई विधायक नाहिद हसन आवास पर मौजूद नहीं थे।

# एडीएम के नाम पर ठगी : 'कमांडर' दोस्त ने ऐंठे 75 हजार रुपये, फर्जीवाड़े का खुलासा

**मुजफ्फरनगर, 11 अक्टूबर (बु.)।** जिले में रह चुके अपर जिलाधिकारी (एडीएम) प्रशासन के दोस्त बताकर एक शातिर जालसाज ने एक व्यक्ति को 75,000 रुपये का चूना लगा दिया। आरोपी ने खुद को सीआरपीएफ में कमांडर बताकर पुराने सामान की बिक्री के नाम पर यह फर्जीवाड़ा किया। पीड़ित को तब शक हुआ जब जालसाज ने और पैसों की मांग की और एडीएम से बात करने पर पूरे मामले का खुलासा हुआ। सिविल लाइन थाना पुलिस ने जालसाज संतोष कुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ठगी की यह वारदात केशवपुरी निवासी रणवीर सैनी के साथ हुई, जो पहले पत्रकार थे और अब राजनीति में हैं। जालसाज ने पहले जिले में रहे अपर जिलाधिकारी प्रशासन की आईडी से मैसेज भेजकर रणवीर सैनी का मोबाइल नंबर प्राप्त किया। एडीएम से करीबी संबंध होने के कारण सैनी को कोई शक नहीं हुआ और उन्होंने अपना नंबर भेज दिया। इसके बाद, साइबर ठग ने सैनी को फोन किया और अपना परिचय सीआरपीएफ कमांडर संतोष कुमार के रूप में दिया। आरोपी संतोष कुमार ने खुद को एडीएम का दोस्त बताया और जम्मू स्थानांतरण होने की कहानी सुनाई। उसने कहा कि वह पुराने सामान, जैसे टीवी, फ्रिज, फर्नीचर आदि, को बेचना चाहता है। मजबूरी का हवाला देने पर रणवीर सैनी सामान खरीदने को राजी हो गए। कथित कमांडर ने यह झांसा दिया कि रकम मिलते ही पूरे सामान की डिलीवरी घर पर ही दे दी जाएगी। पीड़ित रणवीर सैनी ने एडीएम के कथित दोस्त के झांसे में आकर फोन पे के माध्यम से 75 हजार रुपये की रकम तुरंत ट्रांसफर कर दी।

## एडीएम को फोन करने पर हुआ खुलासा

**मुजफ्फरनगर।** सामान की डिलीवरी के समय, आरोपी ने 31 हजार रुपये का और भुगतान मांगा, जिस पर रणवीर सैनी को शक हुआ। उन्होंने तत्काल अपर जिलाधिकारी को फोन पर बात की, तब जाकर पूरे फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ। एडीएम ने बताया कि उन्होंने न तो कोई मैसेज किया है और न ही संतोष नामक कोई कमांडर उनका दोस्त है। यह सुनते ही रणवीर सैनी समझ गए कि उनके साथ धोखा हुआ है। रणवीर सैनी ने तत्काल सिविल लाइन थाना पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर कथित कमांडर संतोष कुमार के खिलाफ धोखाधड़ी की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे इस तरह के साइबर फ्रॉड से सतर्क रहें और पैसों के लेनदेन से पहले पूरी तरह से पुष्टि कर लें।

GRAIN CHAMBER PUBLIC SCHOOL
(Affiliated to CBSE)
NEW MANDI, MUZAFFARNAGAR
Jr. Wing : New Mandi, Ph. No. 8899102141
Sr. Wing : Naveen Mandi Sthal, Ph. No. 8899402549
Estd. 1985
presents
most awaited event of the year
GRAIN DEEPOTSAV
(A fete on Swadeshi Products)
Attractions :
1. Inter School Dance Competition.
2. Many more fascinating cultural events.
3. Mouth watering eatable stalls.
4. Socio-Eco awareness programmes.
5. Lucky Draws after each hour.
Day & Date : Tuesday, 14th October, 2025
Opening Time : 4:00 p.m. onwards
Venue : Grain Chamber Public School (Jr. Wing) New Mandi, Muzaffarnagar
For Stall Booking, Please Contact : 9760629875
(Entry strictly by PASS only)
PASSES are available at School Office & OM Book Depot, Muzaffarnagar



# ऑनलाइन खरीद सकेंगे आरएसएस के सिक्के-डाक टिकट



नई दिल्ली, 11 अक्टूबर (एजेंसी)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर भारत सरकार ने एक विशेष स्मारक सिक्का और डाक टिकट जारी किया है। देश की सामाजिक-सांस्कृतिक एकता और सेवा में अहम भूमिका निभाने वाले इस संगठन की एक शताब्दी पूरी होने पर यह पहल की गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संघ की स्थापना के 100 साल पूरे होने के अवसर पर आयोजित शताब्दी समारोह में संघ के योगदान को जमकर सराहा। नई दिल्ली में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए पीएम मोदी ने इस ऐतिहासिक मौके पर एक विशेष डाक टिकट और स्मृति सिक्का भी जारी किया। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के कार्यालय ने एक्स पर पोस्ट कर यह जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि आरएसएस ने अपने 100 वर्ष के सफर में सेवा, एकता और समर्पण के मूल्यों को सशक्त किया है। इसी भावना को सम्मान देने के लिए विशेष स्मारक सिक्के और डाक टिकट जारी किए गए हैं। कोलकाता टकसाल द्वारा ढाले गए ये सिक्के अब आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन खरीदने के लिए उपलब्ध हैं। सिक्कों का डिजाइन आरएसएस की विरासत और उसके योगदान को दर्शाता है। विशेषज्ञों के अनुसार, यह सिक्का न केवल एक संग्रहणीय वस्तु है बल्कि संगठन की एक सदी की ऐतिहासिक यात्रा का प्रतीक भी है। इसके साथ ही जारी किए गए विशेष डाक टिकट देशभर के फिलेटली ब्यूरो से प्राप्त किए जा सकते हैं। इससे डाक टिकट संग्रहकताओं और आम नागरिकों को भी इस अवसर की ऐतिहासिक झलक अपने पास रखने का मौका मिलेगा।







# डीएम और एसएसपी ने किया गंगा स्नान मेले की तैयारियों का निरीक्षण

भोपा, 11 अक्टूबर (बु.)। तीर्थनगरी शुकतीर्थ में लगने वाले कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान मेले की व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी है। मेले की तैयारियों को लेकर शनिवार को डीएम व एसएसपी ने जिला पंचायत अध्यक्ष सहित अधिकारियों के साथ मेले की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारी, कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पांच नवम्बर को मुख्य स्नान होगा। तीर्थनगरी शुकतीर्थ में प्रतिवर्ष कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित होने वाले गंगा स्नान मेले में भारी संख्या में श्रद्धालु गंगा में स्नान करते हैं। इस वर्ष गंगा स्नान मेला 2 नवम्बर से 5 नवम्बर तक आयोजित किया जायेगा। जिला पंचायत की ओर से आयोजित किये जाने वाले मेले की व्यवस्थाओं में प्रशासन जुट गया है। शनिवार को जिलाधिकारी उमेश मिश्र, एसएसपी संजय कुमार वर्मा, एडीएम वित्त गजेन्द्र सिंह, एसडीएम जानसठ राहुलदेव भट्ट, एसपी देहात आदित्य बंसल, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल ने गहनता से कार्तिक गंगा स्नान मेले की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी की तथा गंगा घाट व मेला स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश अधीनस्थ अधिकारियों को दिये। डीएम उमेश मिश्र ने अधिकारियों को मेले में शौचालय, स्वच्छ पेयजल, विद्युत व्यवस्था, सफाई व सीसीटीवी आदि की सुचारू व्यवस्था रखने के दिशा निर्देश दिये। उन्होंने गंगा घाट पर गोताखोर, नाव, पीएसी मोटरबोट आदि की सुचारू व्यवस्था करने तथा मेला स्थल व मुख्य मार्गों से गंगा घाट पर जाकर व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली तथा स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात, सफाई आदि के बारे में सम्बंधित अधिकारियों से बातचीत की। मेले के दौरान लगने वाले मीना बाजार, गंगा घाट व मेला स्थल पर प्रशासन की विशेष नजर रहेगी। इस दौरान मुख्य रूप से तहसीलदार श्रद्धा गुप्ता, थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीश कुमार, जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी योगेश कुमार, नायब तहसीलदार ब्रजेश सिंह, अक्षय शर्मा, डॉ. महकार सिंह, भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के पं. रामकुमार शर्मा, धर्मेन्द्र शर्मा, नरेन्द्र गर्ग, देवेन्द्र आर्य, रविन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## डीएम और एसएसपी ने भोपा थाने पर सुनी समस्याएं

भोपा, 11 अक्टूबर (बु.)। डीएम और एसएसपी के साथ भोपा थाने पर पहुंचे सीडीओ द्वारा समाधान दिवस के दौरान जनसमस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनकर उनके गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। भोपा थाने पर शनिवार को डीएम उमेश मिश्रा, एसएसपी संजय कुमार वर्मा एवं सीडीओ कमल किशोर कंडारकर द्वारा समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस के दौरान अधिकारीगण द्वारा जनता की जनसमस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना गया तथा समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। अधिकारीगण द्वारा समस्त अधिकारी, कर्मचारीगण को निर्देशित किया गया कि समाधान दिवस में आई सभी शिकायतों की मौके पर जाकर निष्पक्ष जाँच करें एवं समयावधि में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें तथा महिला अपराध सम्बन्धी शिकायतों की जाँच प्राथमिकता के आधार पर की जाए। इसके अतिरिक्त समाधान दिवस में उपस्थित लोगों को साइबर अपराध एवं साइबर ठगी के सम्बन्ध में भी जागरूक किया तथा साइबर अपराध से बचने के उपायों के बारे में विस्तार से बताया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी भोपा देवव्रत बाजपेई, थाना प्रभारी भोपा मुनीश कुमार सहित पुलिस एवं प्रशासन के अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# भीड़ नहीं दिखी तो आसपा जिलाध्यक्ष खिसके

बुढ़ाना, 11 अक्टूबर (बु.)। आजाद समाज पार्टी कांशीराम का विधानसभा बुढ़ाना क्षेत्र में अब तक भी कोई वजूद नहीं बन पाया है, तभी तो एक एक करके उनकी मीटिंग और सभाएं बिल्कुल फ्लाप हो रही हैं। पिछले दिनों फैज गार्डन में हुई जन सभा ने भी कोई कमाल नहीं दिखाया था और अब बीते शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद ब्लॉक बुढ़ाना क्षेत्र के गांव भसाना में पूर्व प्रधान अनवर चौधरी के आवास पर हुई आसपाकां की मीटिंग भी कोई करिश्मा नहीं दिखा सकी, जिसके चलते जिला अध्यक्ष ने मीटिंग कैंसिल कर वापस अपने गंतव्य की ओर लौटने में ही अपनी भलाई समझी और मीटिंग में आए लोगों को कहा कि जल्दी ही इस गांव में कोई बड़ी मीटिंग रखेंगे। दरअसल सूत्रों के अनुसार इस गांव के कुर्बान चौधरी अपने साथ में कुछ ग्रामीणों को बीते बृहस्पतिवार के दिन जिला अध्यक्ष दिनेश बावरा के पास लेकर आजाद समाज पार्टी कांशीराम की सदस्यता ग्रहण करके अपने गांव भसाना में आए थे और आते ही ग्रामीणों से बातचीत किए बिना ही अगले दिन शुक्रवार की मीटिंग रख दी गयी। मगर मीटिंग में ज्यादा भीड़ नहीं जुट पाई, तब जिला अध्यक्ष ने वापस अपने गंतव्य की और लौटने में ही अपनी भलाई समझी। उधर कुछ ग्रामीणों ने अपना नाम नहीं छापने की शर्त पर बतलाया कि उन्हें तो पूर्व विधायक नवाजिश आलम खान के आने की खबर मिली थी कि वे इस मीटिंग में आ रहे हैं, लेकिन जब उन्हें पता लगा कि वहां तो कोई जिला अध्यक्ष आ रहे हैं, तो फिर वे आसपाकां की मीटिंग में ही नहीं गये। इस संबंध में जब आसपाकां के जिला अध्यक्ष दिनेश बावरा से बात करनी चाही, तो उनका नंबर उपलब्ध नहीं हो सका था।

# अमेरिका-चीन व्यापार से फिर बढ़ा तनाव, भारत और दुनिया के लिये अच्छे हैं इसके संकेत



नई दिल्ली, 11 अक्तूबर (एजेंसी)। महीने के अंत में होने वाली संभावित उच्च-दांव वाली अमेरिका-चीन व्यापार वार्ता से पहले, चीन की और से 9 अक्टूबर को दुर्लभ मृदा और अन्य महत्वपूर्ण खनिजों पर अपने निर्यात नियंत्रणों का विस्तार करने के बाद नए तनाव पैदा हो गये हैं। अमेरिका ने चीनी वस्तुओं पर शुल्क 100 प्रतिशत बढ़ाने की धमकी दी है, जिससे शुक्रवार को अमेरिकी शेयर बाजारों में भारी गिरावट आई। चीन और अमेरिका, दोनों का व्यापार पर रुख भारत के लिए महत्वपूर्ण है, जो अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहा है। दुर्लभ मृदा पर चीन के प्रतिबंध भारत के ऑटोमोबाइल उद्योग के लिए भी खतरा पैदा करते हैं। चीन भारत का सबसे बड़ा आयात स्रोत है, जबकि अमेरिका उसका सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य बना हुआ है। टैरिफ में भारी बढ़ोतरी की धमकी देते हुए, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अभी पता चला है कि चीन ने दुनिया को एक बेहद आक्रामक पत्र भेजकर व्यापार के मामले में बेहद आक्रामक रुख अपनाया है। पत्र में कहा गया है कि वे 1 नवंबर, 2025 से अपने लगभग हर उत्पाद पर, यहाँ तक कि कुछ उत्पादों पर भी जो उनके द्वारा नहीं बनाए गए हैं, बड़े पैमाने पर निर्यात नियंत्रण लगाएँगे। यह बिना किसी अपवाद के सभी देशों को प्रभावित करेगा, और जाहिर तौर पर यह योजना उन्होंने वर्षों पहले ही बना ली थी। अंतरराष्ट्रीय व्यापार में ऐसा बिल्कुल नहीं हुआ है, और दूसरे देशों के साथ व्यवहार करना एक नैतिक अपमान है। इस मामले में ट्रंप ने कहा इस तथ्य के आधार पर कि चीन ने यह अभूतपूर्व रुख अपनाया है, और केवल अमेरिका की ओर से बोल रहा है, न कि उन अन्य देशों की ओर से जिन्हें इसी तरह की धमकी दी गई थी, 1 नवंबर, 2025 से (या उससे पहले, चीन द्वारा की गई किसी भी आगे की कार्रवाई या बदलाव के आधार पर), संयुक्त राज्य अमेरिका चीन पर 100% टैरिफ लगाएगा, जो वर्तमान में चीन द्वारा चुकाए जा रहे किसी भी टैरिफ के अतिरिक्त होगा। इसके अलावा, 1 नवंबर से, हम सभी महत्वपूर्ण सॉफ़्टवेयर पर निर्यात नियंत्रण लगा देंगे। भारतीय व्यापार सेवा के पूर्व अधिकारी और थिंक टैंक जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि बीजिंग का निर्यात नियंत्रण—जिसमें कहा गया है कि 0.1 प्रतिशत से ज्यादा चीन-निर्मित दुर्लभ मृदा वाले या चीनी शोधन या चुंबक निर्माण तकनीक से उत्पादित किसी भी उत्पाद के लिए बीजिंग की निर्यात मंजूरी जरूरी होगी—एफ-35 लड़ाकू विमानों से लेकर ईवी मोटर और पवन टर्बाइनों तक, सब पर असर डालेगा, क्योंकि चीन वैश्विक दुर्लभ मृदा शोधन क्षमता के 70 प्रतिशत को नियंत्रित करता है। श्रीवास्तव ने कहा, "ईवी, पवन टर्बाइन और सेमीकंडक्टर पुर्जों की कीमतों में बढ़ोतरी की उम्मीद है, जबकि अमेरिका ऑस्ट्रेलिया, वियतनाम और कनाडा तक अपनी खनिज आपूर्ति श्रृंखलाओं को 'मित्रवत' बनाने की कोशिश करेगा। इस बीच, चीन वैकल्पिक औद्योगिक नेटवर्क को मजबूत करने के लिए आपूर्ति को अपने गैर-पश्चिमी साझेदारों की ओर पुनर्निर्देशित कर सकता है। अमेरिकी उद्योग के लिए दुर्लभ मृदा के रणनीतिक महत्व को देखते हुए, वाशिंगटन के पास जल्द ही बीजिंग के साथ एक नया समझौता करने के अलावा कोई विकल्प नहीं रह जाएगा। अमेरिका के विपरीत, जो अक्सर आर्थिक परिणामों पर विचार किए बिना ही कार्रवाई करता है, चीन ज्यादा सोच-समझकर और बेहतर तैयारी के साथ काम करता हुआ दिखाई देता है।"

# पुलिस के चैकिंग अभियान में ढाई लाख के पटाखों सहित एक अभियुक्त गिरफ्तार



खतौली, 11 अक्टूबर (बु.)। दीपावली के पूर्व कोतवाली पुलिस ने चैकिंग अभियान के अन्तर्गत लगभग ढाई लाख रुपये के 6 पेटी विस्फोटक पटाखों सहित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार बीती रात सीओ रामाशीष यादव व कोतवाली प्रभारी दिनेश बघेल के निर्देशन में कोतवाली पुलिस टीम द्वारा चैकिंग अभियान के दौरान एक संदिग्ध को खतौली ग्रामीण भूड़ क्षेत्र से छह पेटी विस्फोटक बरामद किया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान शहादत पुत्र फारुख निवासी इस्लामनगर कॉलोनी निकट रोडवेज स्टैंड कस्बा खतौली के रूप में हुई। कोतवाली प्रभारी दिनेश बघेल ने बताया कि इस प्रकरण में दो अन्य आरोपियों विवेक पुत्र महेन्द्र व सागर के नाम सामने आए हैं, जिनकी तलाश पुलिस द्वारा जारी है। उन्होंने बताया कि बरामद विस्फोटक पटाखों की कीमत लगभग ढाई लाख रुपये है। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा अभियोग दर्ज कर कार्यवाही शुरू की जा रही है।

## सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 11 अक्टूबर, (बु.)। मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 127200 | चांदी- | 168500 |
| सिक्का- | 1800 | गिन्नी- | 94410 |

## आपका आज का राशिफल

रविवार, 12 अक्टूबर, 2025

**मेष-** आरोग्य सुख, व्यक्तित्व का विकास, आकस्मिक लाभ का सुअवसर, भौतिक सुख-सुविधा के साधन सुलभ, पारिवारिक प्रसन्नता, मौज-मस्ती के निमित्त व्यय।

**वृषभ-** आज दिन 10/37 बजे तक दिनचर्या अव्यवस्थित, परिवार में मतभेद, मानसिक कष्ट, वाहन से भय, शेष समय में भौतिक सुख सुविधा उपलब्ध, आर्थिक लाभ।

**मिथुन-** आज दिन 10/37 बजे तक समय बेहतर, नवीन योजना के प्रति रुचि जागृत, संत समागम, शेष समय आशा के विपरीत, विवाद की आशंका, लाभ में कमी।

**कर्क-** विचारित योजना प्रगति पर, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, कुछेक समस्याएँ सुलझने की ओर, वैवाहिक जीवन संतोषजनक, बुद्धि का विकास, व्यावसायिक प्रगति।

**सिंह-** मनोवांछित सफलता, शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति, मान-सम्मान में वृद्धि, बौद्धिक क्षमता का विकास, दर्शनीय स्थलों की यात्रा का प्रसंग, कर्ज निवृत्ति का प्रयास।

**कन्या-** आज दिन 10/37 बजे तक समय अशुभ, मित्रों से तनाव, गलतफहमी के शिकार, शेष समय में आर्थिक प्रगति, निजी इच्छाकी पूर्ति, किसी विवाद का समापन।

**तुला-** आज दिन 10/37 बजे तक व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता, बकाए धन की वसूली, शेष समय में ग्रहयोग विपरीत, क्रोधकी अधिकता, मानसिक तनाव, आर्थिक हानि।

**वृश्चिक-** नवयोजना की शुरूआत, मनोबल में वृद्धि, जिम्मेदारियों को निभाने हेतु व्यय, उत्सव में सम्मिलित होने का सुयोग, मित्रों से विचार-विमर्श, स्थान परिवर्तन।

**धनु-** दिन बेहतर, दूसरों की सलाह मान्य इच्छित पद की प्राप्ति, अड़चनें समाप्त, निजी इच्छा की पूर्ति, दर्शनीय स्थलों की यात्रा का प्रसंग, मानसिक शांति, शत्रु परास्त।

**मकर-** आज दिन 10/37 बजे तक दिनचर्या अव्यवस्थित, वैवाहिक जीवन असंतोषजनक, अशांति, शेष समय शुभ, रचनात्मक गतिविधियों में वृद्धि, परिजनों से सहयोग।

**कुम्भ-** आज दिन 10/37 बजे तक पुरुषार्थ के प्रति रुचि, सुख-सुविधा के निमित्त व्यय, यात्रा संभव, शेष समय कष्टकर, समस्याओं से चिन्तित, मानसिक तनाव।

**मीन-** किसी योजना की शुरूआत, पुराने विवाद का समापन, आशा के अनुकूल घटना घटित, स्वाध्याय की ओर रुचि, यात्रा में सफलता, प्रभावशाली हस्तयों से सम्पर्क।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

# आजमगढ़ में कैदी ने लगा दिया जेलर को ही चूना, अकाउंट से 18 महीने तक निकालता रहा लाखों




आजमगढ़, 11 अक्तूबर (एजेंसी)। आजमगढ़ में जेल से जमानत पर बाहर एक कैदी ने जेल अधीक्षक का बैंक अकाउंट खाली कर दिया। उसने सरकारी खाते से करीब 30 लाख रुपए का ही गबन कर दिया और हैरान करने वाली बात यह है कि करीब डेढ़ साल तक अफसरों को इसकी भनक तक नहीं लगी। आरोपी ने पहले उनकी चेकबुक चुराई। फिर फर्जी साइन कर कई बार में उससे 30 लाख से ज्यादा रुपए निकाले। मामला जब सामने आया तो सभी का सिर चकरा गया। जानकारी के अनुसार आरोपी अपनी पत्नी की हत्या के मामले में जेल में था। 24 मई 2024 को उसे जमानत मिली। रिहा होने से पहले उसने चेकबुक चुराई। इसके बाद आरोपी 18 महीनों तक पैसे निकालता रहा। घटना का खुलासा 22 सितंबर को उस वक्त उजागर हुआ, जब कैदी ने खाते से 2.60 लाख रुपए निकाले। जैसे ही जेल अधीक्षक के फोन पर पैसे निकालने का मैसेज आया तो उन्होंने अकाउंटेंट से पूछा। लेकिन, उनके पास कोई रिकॉर्ड नहीं था। बैंक स्टेटमेंट निकलवाने पर पूरा धोखाधड़ी का मामला सामने आया। खुलासे के बाद जेल अधीक्षक ने कोतवाली में चार लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। कैदी की पहचान रामजीत यादव के रूप में हुई है। वह जमुआ शाहगढ़ थाना बिलरियागंज का रहने वाला है। साल 2011 में वह अपनी पत्नी अनीता की हत्या के मामले में जेल गया था। साल 2017 में उसे पहली बार जमानत मिली। जेल से रिहा होने के बाद रामजीत ने नीतू नाम की महिला से दूसरी शादी कर ली। 24 फरवरी 2023 को कोर्ट ने उसे पत्नी की हत्या का दोषी करार देते हुए सजा सुनाई, जिसके बाद उसे दोबारा जेल भेजा गया। रामजीत यादव को जेल के अंदर कामकाज की जिम्मेदारी मिली। इसी दौरान उसने जेल प्रशासन के कामकाज और बैंक चेक पर दस्तखत करने का तरीका समझ लिया। 20 मई 2024 को जब वह जमानत पर जेल से रिहा हुआ, तो उसने अकाउंटेंट के कमरे से केनरा बैंक की चेकबुक चुरा ली।

# तीसरी आंख की निगरानी में होगी आज 23 केंद्रों पर परीक्षा

## - पीसीएस प्री परीक्षा में शामिल होंगे करीब 10,368 परीक्षार्थी

मुजफ्फरनगर, 11 अक्टूबर (बु.)। रविवार को मुजफ्फरनगर जनपद में होने वाली उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की पीसीएस (प्रारंभिक परीक्षा) की तैयारी पूर्ण कर ली गई है। शनिवार देर सायं तक अधिकारी परीक्षा की तैयारी से जुड़ी खामियों को दुरुस्त करने में जुटे रहे। जनपद में होने वाली इस उक्त परीक्षा के लिए 23 केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें 10,368 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा को व्यवस्थित व सुचारू रूप से कराने के लिए एडीएम प्रशासन संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में स्टेटिक व सेक्टर मजिस्ट्रेट मोर्चा संभालेंगे।

परीक्षा के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम भी रहेंगे। इसके साथ परीक्षार्थियों को तीन लेयर की जांच से गुजरना पड़ेगा। रविवार को जनपद में पीसीएस प्री परीक्षा दो पाली में संपन्न होने जा रही है। इस कड़ी में पहली पाली सुबह साढ़े नौ बजे से साढ़े 11 बजे और दूसरी पाली दोपहर ढाई बजे से साढ़े चार बजे तक संपन्न होगी। परीक्षार्थियों को इस परीक्षा के शुरू होने से 30 मिनट पहले पहुंचना होगा। परीक्षार्थियों की जांच 3 लेयर में होगी। पहले मुख्य गेट पर स्कैनिंग मशीन से पूरे शरीर की जांच होने के दौरान यहां पर हर प्रकार का मेटल व इलेक्ट्रॉनिक आइटम प्रतिबंधित रहेगा। दूसरी जांच बायोमेट्रिक होगी, जिसमें अभ्यर्थी के अंगूठा, आंख, उंगलियां एवं चेहरे की जांच की जाएगी, इसमें मिलान होने के बाद प्रवेश दिया जाएगा।

वहीं उत्तर पुस्तिका देने से पहले कक्ष में अभ्यर्थियों की डिजिटल उपस्थिति जांची जाएगी। परीक्षा शुरू होते ही परीक्षा केंद्रों के मुख्य गेट बंद कर दिए जाएंगे। इसके बाद मजिस्ट्रेट को छोड़कर सभी की आवाजाही पूरी तरह से इस बीच प्रतिबंधित रहेगी। सभी केंद्रों पर पुलिस की तैनाती रहेगी। वहीं सादी वर्दी में सिपाही व दारोगा सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद करते हुए नजर आएंगे। परीक्षा के दौरान बढ़ती भीड़ को देखते हुए खुफिया तंत्र को भी सतर्क किया गया है। सभी परीक्षा केंद्र सीसीटीवी से पूरी तरह लैस रहेंगे, जिसके लिए कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है। अधिकारी निरीक्षण के अतिरिक्त कंट्रोल रूम के माध्यम से परीक्षा केंद्रों में नजर बनाए रखेंगे। शहर के चप्पे-चप्पे पर पुलिस मुस्तैद रहेगी।

खासतौर पर भीड़ देखते हुए बस स्टॉप, रेलवे स्टेशन पर पुलिस के अधिकारियों को पैनी नजर रखने के लिए कहा है। परीक्षा केंद्रों पर ई-प्रवेश पत्र के साथ मूल फोटो पहचान पत्र या आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड, पैन कार्ड, पासपोर्ट, डीएल आदि में से कोई एक अभ्यर्थियों को साथ रखना होगा।

## सीओ सदर ने किया पीसीएस-प्री परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण



चरथावल, 11 अक्टूबर (बु.)। कस्बे के जय हिंद इंटर कॉलिज में कल रविवार को होने वाली पीसीएस-प्री परीक्षा केंद्र का सीओ सदर डॉ. रविशंकर एवं थाना प्रभारी जसवीर सिंह द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) की पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा कल रविवार के दिन आयोजित होगी, जिसमें आयोग द्वारा चरथावल कस्बे में स्थित जयहिंद इंटर कालेज को भी परीक्षा केंद्र बनाया गया है। यह परीक्षा कल 12 अक्टूबर को सुबह 9:30 से 11:30 और दोपहर 2:30 से 4:30 को दो पाली में होगी। इस परीक्षा में 384 प्रतिभागी प्रतिभाग करेंगे। शनिवार को उक्त परीक्षा केन्द्र का सीओ सदर डॉ. रवि शंकर एवं चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने निरीक्षण किया। सीओ सदर डॉ. रवि शंकर ने कहा कि परीक्षा को सम्पन्न कराने के लिये सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये जा रहे हैं। सीओ सदर ने बिजली व पानी की व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों, मुख्य प्रवेश द्वार पर सुरक्षा व्यवस्था, परीक्षा केन्द्र पर शौचालय, अभ्यर्थियों के मोबाइल, बैग इत्यादि जमा करने की व्यवस्था को चेक किया गया। अधिकारियों द्वारा सभी अभ्यर्थियों की विधिवत चेकिंग व प्रवेश-पत्र सत्यापन होने के उपरान्त ही प्रवेश देने के आदेश दिए। इस अवसर पर चरथावल प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह, प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रजापति, कस्बा चौकी प्रभारी तेजवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# डीएस पब्लिक स्कूल में स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ




मुजफ्फरनगर, 11 अक्टूबर (बु.)। डीएस पब्लिक स्कूल में स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर के प्रथम दिन विद्यार्थियों को स्काउट गाइड का इतिहास, झंडा गीत, प्रार्थना, स्काउट प्रतिज्ञा एवं सिद्धांत सहित स्काउट गाइड का बेसिक प्रशिक्षण दिया। शिविर में कक्षा 6 से 8वीं के विद्यार्थियों को प्रवेश, प्रथम व द्वितीय सोपान के लिए प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण शिविर का भव्य शुभारंभ सहायक जिला आयुक्त गाइड रेणु गर्ग, जिला संगठन कमिश्नर भारत भूषण अरोड़ा, एजुकेशन डायरेक्टर संतोष जैन, प्रधानाचार्य गगन शर्मा, कोऑर्डिनेटर संदीप दीक्षित ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में बाल कल्याण समिति के सदस्य डॉ. राजीव कुमार ने अतिथि के रूप में मौजूद रहकर मेधावी बालिकाओं को सम्मानित किया। मेरठ एवं सहारनपुर मंडल के स्काउट सहायक संगठन कमिश्नर अमित कुमार सैनी ने अतिथि के रूप में शिविर का अवलोकन करते हुए विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया। शिविर में स्काउट ट्रेनिंग काउंसलर पिंकू कुमार, गाइड ट्रेनिंग काउंसलर साक्षी एवं आईटी काउंसलर अनुज कुमार ने विद्यार्थियों को स्काउट गाइड की प्रतिज्ञा, नियम व सिद्धांत का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को स्काउट गाइड के नियमों की जानकारी देते हुए बताया कि स्काउट गाइड सबका मित्र, विश्वसनीय, अनुशासनशील एवं सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करने वाला होता है। वह मन, कर्म व वचन से शुद्ध एवं पशु पक्षियों तथा प्रकृति से प्रेम करने वाला होता है। वह मितव्ययी एवं हमेशा दूसरों की सहायता करने वाला होता है। शिविर में विद्यार्थियों को स्काउट गाइड प्रतिज्ञा कराई गई कि वे सभी हमेशा स्काउट गाइड के नियमों का पालन करते हुए देश के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करेंगे। प्रथम दिन के शिविर समापन पर प्रधानाचार्य गगन शर्मा ने सभी आगंतुकों का आभार प्रकट किया। उन्होंने विद्यार्थियों को स्काउट गाइड बनने पर बधाई देते हुए कहा कि स्काउटिंग का उद्देश्य बच्चों को चरित्रवान एवं शारीरिक तथा मानसिक रूप से मजबूत बनाकर देशभक्त एवं कर्तव्यनिष्ठ नागरिक के रूप में विकसित करना है।

# ओवैसी का बीजेपी और प्रधानमंत्री पर बड़ा हमला, बोले- यह देश और संविधान से बड़े नहीं



नई दिल्ली, 11 अक्तूबर (एजेंसी)। एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बनाए गए डेलिगेशन में वे किसी राजनीतिक दल या नेता के लिए नहीं, केवल देश का पक्ष पेश करने गए थे। ओवैसी ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री और भाजपा देश से बड़े नहीं हैं। राजनीतिक लड़ाई हमेशा विचारधारा पर चलेगी, लेकिन देश का फायदा सबसे अहम है। उन्होंने कहा- पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में पाकिस्तान के आआएसआई के प्रशिक्षित लोग आए और लोगों की हत्या की। ऐसे समय में हम हमेशा देश का पक्ष पेश करने के लिए तैयार रहते हैं। एआईएमआईएम चीफ ने कहा कि अमित शाह जो बयान दे रहे हैं, वह सच नहीं है, यह झूठ है। पहली जनगणना से लेकर 2011 तक मुस्लिम आबादी केवल 4.4% बढ़ी है। मोहन भागवत कहते हैं कि एक समुदाय की आबादी बहुत बढ़ रही है। ओवैसी ने कहा- सरकारी आंकड़े बताते हैं कि मुस्लिमों की प्रजनन दर सबसे ज्यादा कम हुई है। अगर कोई घुसपैठ कर रहा है, तो आप मंत्री हैं, इसे क्यों नहीं रोक सकते? अगर आप हर बंगाली भाषी भारतीय मुस्लिम को बांग्लादेशी कह रहे हैं, तो यह गलत है। ओवैसी ने बताया कि मैं भारत-अफगानिस्तान के नए संबंधों का स्वागत करता हूँ। 2016 में संसद में खड़ा होकर कह चुका था कि तालिबान आएगा और उनके साथ बातचीत करनी चाहिए। उस समय मीडिया और बीजेपी के कई लोगों ने मुझे इसके लिए गाली दी। हमारे लिए चाबहार पोर्ट बहुत महत्वपूर्ण है, यहीं से हम अफगानिस्तान तक पहुँचेंगे। आपको बता दें कि भारत ने 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद किए ऑपरेशन सिंदूर का मकसद बताने और पाकिस्तान का असल चेहरा दुनिया के सामने लाने के लिए, देश के 59 सांसदों को 33 देशों में भेजा था। जिसमें 59 सांसद 7 डेलिगेशन में बांटे थे। ओवैसी अरब देशों की यात्रा करने वाले डेलिगेशन में शामिल थे।

# अमेरिका के मिसिसिपी में फिर से हुई गोलीबारी, 4 की मौत, 12 घायल



मिसिसिपी, 11 अक्तूबर (एजेंसी)। अमेरिका में फॉयरिंग के मामले आने का सिलसिला रूकने का नाम नहीं ले रहा है। अमेरिका के मिसिसिपी राज्य की लीलैंड टाउन में शनिवार की तड़के सुबह एक भीड़भाड़ वाले इलाके में गोलीबारी की घटना हुई। गोलीबारी की घटना में 4 लोगों की मौत हो गई है, जबकि कुल एक दर्जन लोग घायल हो गए हैं। मिसिसिपी के लीलैंड टाउन में यह घटना तब हुई जब लोग लीलैंड हाई स्कूल के होमकमिंग गेम के लिए इलाके में इकट्ठा हुए थे। लीलैंड टाउन में हुई इस गोलीबारी को लेकर मेयर जॉन ली ने बयान दिया है। मेयर जॉन ली ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर एक पोस्ट शेयर कर कहा, मैं इस घटना से बहुत दुखी हूं। मेरी संवेदनाएं गोलीबारी में मारे गए लोगों के परिवारों के साथ है और मैं घायलों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। उन्होंने कहा, ह्ययह घटना आधी रात के करीब एक भीड़भाड़ वाली मुख्य सड़क पर हुई, जब लीलैंड हाई स्कूल के होमकमिंग गेम के लिए लोग इकट्ठा हुए थे। उन्होंने आगे कहा, यह होमकमिंग का वीकेंड था, जहां सभी लोग अपने दोस्त, परिवार और पड़ोसियों के साथ डाउन टाउन एरिया में हर साल की तरह मजे करने पहुंचे थे। लेकिन इस बार ऐसी घटना घटी जो पहले यहां पहले भी नहीं घटी। घटना के बाद पूरे शहर में दहशत का माहौल है और लोग अपने घरों में छिपकर बैठे हैं और सुरक्षा के चलते ब्लॉक पार्टी को कैंसिल कर दिया गया है।

# बिहार के बाद अब देशभर में एसआईआर करवाएगा चुनाव आयोग

## - पहले फेज में बंगाल, असम समेत 5 राज्य, इनमें अगले साल विधानसभा चुनाव




पटना, 11 अक्तूबर (एजेंसी)। चुनाव आयोग बिहार के बाद अब देशभर में फेजवाइज स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी सामान्य शब्दों में वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन करवाएगा। देश में एसआईआर की शुरूआत उन राज्यों से होगी, जहां अगले साल 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में पहले फेज में असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट का वेरिफिकेशन होगा। दरअसल, चुनाव आयोग एसआईआर के तहत वोटर लिस्ट की जांच करता है। आयोग के अनुसार, इसका उद्देश्य मतदाता सूची को अपडेट करना और अवैध मतदाताओं, जैसे विदेशी नागरिकों, मृत व्यक्तियों या स्थानांतरित लोगों को हटाना है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने 6 अक्टूबर को कहा था कि सभी राज्यों में एसआईआर शुरू करने का काम चल रहा है। इसके रोलआउट पर अंतिम फैसला चुनाव आयोग लेगा। तीनों आयुक्त राज्यों के लिए एसआईआर शुरू करने की तारीखों पर फैसला लेने के लिए मिलेंगे। बिहार विधानसभा चुनावों की घोषणा करते हुए सीईसी कुमार ने 24 जून को बिहार एसआईआर शुरू करते समय अखिल भारतीय एसआईआर की योजना की घोषणा की थी। बिहार में वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन का विपक्ष ने विरोध किया। 9 जुलाई को वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन को लेकर बिहार में महागठबंधन ने बंद का आह्वान बुलाया था। इस दौरान 7 शहरों में ट्रेनें रोकीं गईं और 12 नेशनल हाईवे जाम किए गए। पटना में राहुल गांधी ने कहा था- महाराष्ट्र का चुनाव चोरी किया गया था और वैसे ही बिहार को चुनाव चोरी करने की कोशिश की जा रही है। उन्हें पता है कि हमने महाराष्ट्र मॉडल समझ लिया इसलिए वे बिहार मॉडल लाए हैं। ये गरीबों के वोट छीनने का तरीका है।' संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से 21 अगस्त तक चला। पूरे सत्र के दौरान विपक्ष ने संसद परिसर और सदन में प्रदर्शन किया। विपक्षी सांसद बिहार एसआईआर पर चर्चा कराने की मांग करते रहे। उनके विरोध और हंगामे के कारण दोनों सदनों में आखिरी दिन भी सदन की कार्यवाही नहीं हो सकी।

# भविष्य में बड़ी लड़ाई लड़ने के लिए तैयार रहें, बटेंगे तो कटेंगेः योगी




लखनऊ,11 अक्टूबर (नेट)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जो समाज बंटता है, वह कटता है, एक रहेंगे तो अनेक रहेंगे। इसलिए हमें एकजुट रहकर राष्ट्रहित में कार्य करना होगा। परिवारवाद, जातिवाद, धर्म व भाषा से परे रहे कर भविष्य में आने वाली बड़ी राजनीतिक लड़ाई के लिए सभी को तैयार रहना होगा। शनिवार को हथियाराम मठ परिसर में प्रबुद्धजन संवाद संगम में विपक्ष पर जमकर बरसे। उन्होने कहा कि जो भारत की आत्मा यानी सनातन संस्कृति से जुड़े रहेंगे, वही विकास और सम्मान की राह पर आगे बढ़ेंगे। उन्होंने त्रेता युग से लेकर आज तक गाजीपुर की धरती आध्यात्मिक चेतना की वाहक रही है। यह भूमि संतों, महर्षियों और वीरों की तपोस्थली रही है। ब्रह्मर्षि विश्वामित्र का उदाहरण देते हुए सीएम ने कहा कि आतंक की पहचान करने वाले वे पहले मनीषी थे, जैसे त्रेता युग में उन्होंने बक्सर में राक्षसों के अंत के लिए अनुसंधान किया था, वैसे ही आज भाजपा की सरकार में दंगाइयों और माफिया के खात्मे के लिए अनुसंधान हो रहा है। कांग्रेस और सपा का बिना नाम लिए मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की ओर से रचित संविधान में धर्म निरपेक्ष शब्द नहीं था, लेकिन पूर्व की सरकारों ने इसे चोरी छिपे संविधान जोड़ दिया। मंच से निषादराज गुह और मतंग ऋषि की शिष्या शबरी का जिक्र कर दलितों व निषादों को साधा।



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

